# परिक्षेत्रीय कार्यालय बस्ती
# उत्तर प्रदेश पुलिस

**दिनांक**
**27-06-2025**

## प्रेस विज्ञप्ति

- **डीआईजी बस्ती द्वारा थाना बांसी का किया गया औचक निरीक्षण।**
- **आगामी त्यौहारो पर किये गये पुलिस प्रबन्ध व बाढ़ से निपटने की तैयारियो के सम्बंध मे की गयी समीक्षा।**
- **जेटीसी के संचालन की समीक्षा की गयी ।**
- **संबन्धित को दिये आवश्यक दिशा निर्देश।**

आज दिनांक 27/06/ 2025 को पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा जनपद सिद्धार्थनगर का भ्रमण किया गया। डीआईजी बस्ती द्वारा सर्वप्रथम थाना बांसी पहुंचकर औचक निरीक्षण किया गया। थाना कार्यालय, हवालात गृह, सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला हेल्पडेस्क, साइबर हेल्प डेस्क एवं थाना परिसर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई अच्छी पायी गयी। महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला कांस्टेबल कोअपने कर्तव्यों की अच्छी जानकारी होने व अभिलेखो मे प्रविष्टिया पूर्ण होने , रखरखाव उच्चकोटि का होने पर पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात थाना परिसर में आगामी त्यौहारो मोहर्रम, श्रावण/जगन्नाथ यात्राआदि के दृष्टिगत क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियो,डीजे वालों व ताजियादारो आदि के साथ गोष्ठी की गई। जिन्होने सभी को त्योहारों पर कोई नई परंपरा शुरू न करने, ताजियों की ऊंचाई निर्धारित ऊंचाई से कम रखने, डीजे निर्धारित डेसीबल तक ही बजाने, ध्वनि प्रदूषण कम करने, शस्त्रो का प्रदर्शन न करने, आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने हेतु बताया गया। डीआईजी बस्ती द्वारा सभी अधिकारी गण को आगामी त्योहारों के दृष्टिगत सभी स्थानों का भ्रमण कर संबंधित समस्याओं का समय से निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात श्रावण मास की तैयारियो को लेकर मिठवल बाजार शिवमंदिर का भ्रमण किया गया एवं राप्ती नदी के बांध व बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रो का भ्रमण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। जिससे त्यौहार के दौरान आम जनमानस को किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

बाढ़ संभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव के लिए 69 बाढ़ चौकी व 59 राहत केन्द्र बनाकर अधि0/कर्म0गण की तैनाती की गयी है। सभी को बाढ़ से पूर्व सभी तैयारिया सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

डीआईजी बस्ती द्वारा जनपद सिद्धार्थनगर पुलिस लाइन पहुंच कर JTC के मेस, बैरक, स्मार्ट क्लास आदि का निरीक्षण किया गया तथा रिक्रूट आरक्षीगण से वार्ता की गयी। प्रशिक्षण की गुणवत्ता, अनुशासन एवं प्रशिक्षणार्थियों की आवश्यकताओं की समीक्षा करते हुए प्रशिक्षण अधिकारियों को बेहतर प्रशिक्षण देने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया । अंत में पुलिस लाइन सभागार कक्ष मे पत्रकारगण के साथ गोष्ठी की गयी।

उक्त भ्रमण के दौरान एसपी सिद्धार्थनगर डॉ0अभिषेक महाजन, प्रभारीगण व अन्य मौजूद रहे।

**सोशल मीडिया सेल**

**रेंज कार्यालय, बस्ती।**